एक नजर में

हेयर एंड ब्यूटी ओलम्पिक का आगाज 20 से

इंदौर . शहर के मेकअप, हेयर, नेल आर्टिस्ट व स्किन एक्सपर्टस के लिए 20 से 22 जुलाई तक फीनिक्स सिटाडेल मॉल में हेयर एंड ब्यूटी ओलम्पिक शुरू होने जा रहा है . इस मैगा इवेंट में ब्यूटी एंड वेलनेस इंडस्ट्री से जुड़े बड़े नाम, कलाकार, प्रशिक्षु, विशेषज्ञ, इंडस्ट्री लीडर्स व प्रतिभागी शामिल होंगे . ग्रैंड फिनाले का मुख्य आकर्षण भगवान विष्णु के दशावतार की प्रस्तुति होगी . इवेंट की आयोजिका उन्नति सिंह ने बताया कि इवेंट में ब्यूटी एंड वेलनेस इंडस्ट्री से जुड़े बड़े नाम, कलाकार, प्रशिक्षु, विशेषज्ञ और इंडस्ट्री लीडर्स शिरकत करेंगे . कार्यक्रम में सिंगर अनुराधा पौडवाल और एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस भी शामिल होंगी . इवेंट में 400 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे . 50 से अधिक इंडस्ट्री विशेषज्ञ शामिल होंगे और उनके व्याख्यान होंगे . प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी व गिफ्टस दिए जाएंगे . उन्नति सिंह ने कहा कि हेयर एंड मेकअप कैटेगरी में पद्मश्री नहीं दिया जाता . यह भी एक कला है . कैटेगरी में पद्मश्री देने की शुरुआत हो इसलिए भगवान विष्णु की 'दशावतार' थीम इवेंट का मुख्य आकर्षण है .

केन्द्रीय साईं सेवा समिति में चावला बने कार्यकारी अध्यक्ष

इंदौर . केन्द्रीय साईं सेवा समिति में साईं भक्त वासुदेव चावला को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है . चावला समिति की स्थापना के समय से ही जुड़े हुए हैं उन्हें समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक ने यह नया दायित्व सौंपा है . अपना पदभार ग्रहण करने के पूर्व चावला बुधवार को गुरु चरणों में आशीर्वाद लेने के लिए रमेश मोटवानी, पिंकी भाटिया एवं अन्य साईं भक्तों तथा परिजनों के साथ अमृतसर के लिए रवाना हुए . रेलवे स्टेशन पर उन्हें समिति के प्रमुख गौतम पाठक, प्रदीप यादव, समीर जोशी, पूरब कपूर, प्रतीक आमेरिया, लक्की वर्मा, मोहित बजाज सहित बड़ी संख्या में साईं भक्तों ने साईराम और वाहे गुरु के जयकारों के बीच बिदाई दी . अमृतसर से लौटकर चावला अपना नया पदभार संभालेंगे .

नि :शुल्क हेल्थ कैंप से 150 से ज़्यादा लोगों की जाँच

इंदौर . सोसाइटी फॉर अवेयरनेस एंड ट्रांसफॉर्मेशन फॉर यूथफुल एस्पिरेशंस (सत्य) द्वारा देवगुरारिया गाँव में नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया . कैंप में चिकित्सा विशेषज्ञों ने 150 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे परामर्श भी दिया . संस्था प्रमुख डॉ . रंजना सहगल ने सभी का मार्गदर्शन किया . कैम्प में लोगों के आँखों, दांतों आदि अंगों की जांच की गई . साथ में उन्हें स्वस्थ रहने के बारे में मार्गदर्शन भी दिया गया . प्रवीण जोशी ने बताया कि कैम्प में अरबिंदो हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने कंसल्टेशन और स्क्रीनिंग की . डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने सभी को अच्छी देखभाल को फॉलो-अप ट्रीटमेंट के बारे में गाइड किया . यह पहल सारथी, रोटरी क्लब और लायंस क्लब के सहयोग से संभव हुई . संस्था के प्रेसिडेंट डॉ . सुरेश सहगल ने कहा कि हमारा मकसद प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को गांव के घरों तक पहुंचाना है। यह कैंप बीमारी का जल्दी पता लगाने और जागरूकता की तरफ एक कदम था .

मुनि सुधासागर को चातुर्मास के लिए दिया निमंत्रण

इंदौर . इंदौर दिगंबर जैन समाज के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है . जैन समाज के आराध्य राष्ट्रसंत मुनि पुंगव सुधासागर महाराज का पावन वर्षायोग (चातुर्मास) इस वर्ष इंदौर नगरी में कराने हेतु समाज के कदम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं . प्रवीण जैन ने बताया कि इसी कड़ी में आज इंदौर दिगंबर जैन सामाजिक संसद (कीर्ति स्तंभ) के नेतृत्व में समाज के एक प्रबुद्ध एवं प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमण्डल ने गुना पहुँचकर गुरुवर के पावन चरणों में भक्तिभाव पूर्वक श्रीफल अर्पित कर इंदौर पधारने का भावभरा निमंत्रण दिया . इंदौर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने मुनिश्री से निवेदन किया कि वर्ष 2026 का यह चातुर्मास इंदौर धरा पर हो, ताकि मालवा अंचल के लाखों श्रद्धालुओं को आत्म-कल्याण का सुअवसर प्राप्त हो सके . गुरुवर ने भी इंदौर समाज की इस उत्कट भावना को देखकर इंदौर चातुर्मास की प्रबल संभावना के सकारात्मक संकेत दिए हैं . श्रीफल समर्पण के इस पावन अवसर पर सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा, महामंत्री हर्ष जैन एवं कोषाध्यक्ष विजय पटोदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे . साथ ही इंदौर जैन समाज के वरिष्ठ व प्रतिष्ठित प्रबुद्धजन एमके जैन, नवीन गोधा, अशोक रानी दोषी, प्रीतिपाल टोंग्या, प्रिंसपाल टोंग्या, मनीष-सपना गोधा, धर्मेंद्र जैन, आकाश कोयला, गिरीश जैन,एवं पवन जैन आदि गणमान्य जन मौजूद थे .

संगीत संध्या गीत गाता चल 11 अगस्त को

इंदौर . मालवा जर्नलिस्ट फोरम आगामी 11 अगस्त को प्रीतमलाल दुआ सभागृह में संगीत संध्या का आयोजन करेगा . यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार ने बताया कि यह आयोजन मीडिया कर्मियों और उनके परिजनों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए है . गीत गाता चल के नाम से आयोजित गीत-संगीत की महफ़िल में मीडियाकर्मी महान पार्श्व गायक - गायिकाओ के सदाबहार फिल्मी नग़मो और तरानो को अपने स्वर देंगे .

नगर में आज

वेश्वक पूजन (गणेश पूजन)

समय- 3 बजे, **स्थान**- वेंकटेश मंदिर छत्रीबाग में

हजारों छात्रों का इलाका, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी

नवभारत न्यूज़

इंदौर. शहर का भंवरकुआं क्षेत्र प्रदेश ही नहीं, देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले हजारों छात्रों का प्रमुख शिक्षा केंद्र माना जाता है. यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान, हॉस्टल और पीजी संचालित हैं, लेकिन क्षेत्र में कई मूलभूत सुविधाओं की कमी छात्रों और स्थानीय रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर सड़कें खराब हैं और बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है. कई गलियों में जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से पानी जमा हो जाता है, जिससे पैदल आने-जाने वाले छात्रों को काफी दिक्कत होती है. रहवासियों का कहना है कि कुछ इलाकों में स्ट्रीट लाइटें बंद रहने के कारण रात के समय अंधेरा रहता है. बड़ी संख्या में छात्र देर शाम कोचिंग और लाइब्रेरी से लौटते हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है. सफाई व्यवस्था को लेकर भी लोगों ने नाराजगी जताई और नियमित कचरा उठाने की मांग की. छात्रों का कहना है कि भंवरकुआं जैसे व्यस्त क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है, इसलिए यहां बेहतर सड़क, नियमित सफाई, पर्याप्त स्ट्रीट लाइट और सुचारु जल निकासी जैसी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए. स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से जल्द समस्याओं का स्थायी समाधान करने की मांग की है, ताकि छात्रों और रहवासियों को राहत मिल सके.

एक छात्र का दर्द: प्रतियोगी छात्र अमित पांडे ने कहा कि हम यहां केवल पढ़ाई करने आते हैं, लेकिन आधी ऊर्जा इन गड्ढों, अंधेरी गलियों और जलभराव से

जूझने में निकल जाती है. मकान मालिक हमसे भारी-भरकम किराया वसूलते हैं और नगर निगम टैक्स लेता है, लेकिन जब सुविधाओं की बात आती है, तो भंवरकुआं को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है. प्रशासन को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए.

शिकायत के बावजूद समाधान नहीं

स्थानीय निवासी आकाश यादव ने बताया कि बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से रोजाना जाम की स्थिति बन जाती है . गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर जाते हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है . उनका कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया .

रिटायर्ड रेलवे अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख की ठगी

- 24 घंटे वीडियो कॉल पर फंसाए रखा रेलवे अधिकारी को
- आरोपी को अहमदाबाद से दबोचा, 15 लाख रुपए वापस मिले

नव भारत न्यूज

इंदौर. गिरफ्तारी वारंट और कार्रवाई का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट कर शहर के एक सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी से 45 लाख रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह तक स्टेट साइबर सेल पहुंच गई है.

मामले में गुजरात के अहमदाबाद से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जांच में सामने आया कि ठगी की रकम इसी आरोपी के बैंक खाते में ट्रांसफर हुई थी. पुलिस की कार्रवाई के बाद पीड़ित को 15 लाख रुपए भी वापस

मिल गए हैं, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है.पुलिस के अनुसार पीड़ित को 9 अगस्त 2025 को एक कॉल आया था. कॉल करने वाले ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी का अधिकारी बताते हुए दावा किया कि उनके मोबाइल नंबर का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों में हुआ है और उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया जा रहा है. इसके बाद ठगों ने स्काइप और वीडियो कॉल के जरिए करीब 24 घंटे तक उन्हें अपने नियंत्रण में रखा. गिरफ्तारी वारंट और कार्रवाई का भय दिखाकर उनकी चल-अचल संपत्ति की जानकारी ली और अलग-अलग बैंक खातों में 45 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए थे.

शिकायत मिलने पर स्टेट साइबर सेल ने जिन खातों में रुपए ट्रांसफर करवाए गए, उनकी जानकारी जुटाई और गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल तथा हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से संदिग्ध खातों को फ्रीज कराया. जांच के दौरान साइबर सेल ने पीड़ित के 15 लाख रुपए रिफंड भी करा दिए. जांच में पुलिस अहमदाबाद निवासी हीरल सतीशचंद्र कंसारा तक पहुंची, जिसके खाते में ठगी की राशि ट्रांसफर हुई थी. उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया.

डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता : एसपी साइबर सेल

स्टेट साइबर सेल एसपी श्री सराफ ने आम लोगों को सलाह दी है कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है . कोई भी पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल पर किसी व्यक्ति को हिरासत में नहीं लेती और न ही जांच के नाम पर बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहती है . ऐसे कॉल आने पर घबराएं नहीं, तुरंत कॉल काटें और 1930 हेल्पलाइन या निकटतम साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं . तुरंत शिकायत मिलने पर ठगी गई राशि को होल्ड या रिफंड कराने की संभावना बढ़ जाती है .

मराठी कथा लेखन कार्यशाला 11 से

इन्दौर . साहित्य से समृद्ध मराठी भाषा में कथा का बीज निर्माण, विस्तार व पूर्ण कथा के बारिकीयों को समझने के लिये लिवा साहित्य सेवा समिति ने महाराष्ट्र साहित्य सभा और मध्यप्रदेश मराठी साहित्य संघ भोपाल के सहयोग से दो दिवसीय मराठी कथा लेखन कार्यशाला का आयोजन 11 व 12जुलाई को रखा है . कार्यशाला के संयोजक डॉ . श्रीकांत तारे, लिवा साहित्य सेवा समिति के अध्यक्ष अरविंद जवळेकर ने बताया कि इस कार्यशाला के लिये जानीमानी कथाकार व ज्येष्ठ साहित्यकार मंगला गोडबोले, भाषातज्ञ डॉ . निर्मोही फडके व यूट्यूबर पर प्रसिद्ध कथाकार कौस्तूभ केळकर छह सत्रों में प्रशिक्षण देंगे . साहित्य संघ भोपाल के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सप्रे व महाराष्ट्र साहित्य सभा इंदौर के अध्यक्ष अश्विन खरे एवं सचिव प्रफुल्ल कस्तूरे ने बताया कि इस कार्यशाला में मध्यप्रदेशीय मराठी कथाकार भाग ले रहे हैं .

गरीब बालिका की शिक्षा के लिए किया सहयोग

इंदौर . लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी की अध्यक्ष लायन रिंकी जयसिंघानी चुग ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए आर्थिक रूप से कमजोर बालिका दर्शिका मीणा की शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया . इस अवसर पर उन्होंने समाज के सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करें, क्योंकि शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है . उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक जरूरतमंद बच्चे की शिक्षा का दायित्व उठाने का संकल्प ले, तो समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाया जा सकता है . इस सेवा कार्य में क्लब को वरिष्ठ मार्गदर्शकों लायन डॉ . कुलभूषण मित्तल, एसपी नामदेव, केपी . माहेश्वरी एवं दिनेश रंधर का लगातार मार्गदर्शन प्राप्त हुआ .

कॉटन किंग के नाम से प्रसिद्ध उद्योगपति कृष्णलाल चड्ढा का देहदान

नव भारत न्यूज

इंदौर. समाज और उद्योग जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले शहर के विख्यात उद्योगपति एवं कॉटन किंग के नाम से प्रसिद्ध कृष्णलाल चड्ढा दुनिया से विदा होने के बाद भी दूसरों के काम आए. उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए परिवार ने उनका देहदान कर दिया. अंगदान चिकित्सकीय कारणों से संभव नहीं हो सका, लेकिन देहदान के जरिए उन्होंने मेडिकल विद्यार्थियों की पढ़ाई और शोध के लिए अपनी अंतिम सौगात समाज को समर्पित कर दी.

5 जुलाई की रात निधन के बाद परिजनों ने सबसे पहले उनकी इच्छा पूरी करने का निर्णय लिया. मुस्कान ग्रुप की मदद से नेत्रदान, त्वचादान और देहदान की प्रक्रिया शुरू कराई गई, लेकिन सेप्टिक शॉक के कारण चिकित्सकों ने नेत्र और त्वचा दान को संभव नहीं माना. इसके बाद पुत्र राजेश चड्ढा, दामाद आशीष थम्मन और अन्य परिजनों की सहमति से पार्थिव देह शासकीय एमजीएम मेडिकल कॉलेज को सौंप दी गई. देहदान से पहले उनके निवास पर मध्य प्रदेश शासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई. एमजीएम मेडिकल कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र मार्को ने पार्थिव देह स्वीकार की. अब यह देह मेडिकल विद्यार्थियों की एनाटॉमी की पढ़ाई और शोध कार्य में उपयोगी होगी.

चड्ढा परिवार का निर्णय समाज के लिए प्रेरणास्रोत

गीता भवन में आयोजित शोकसभा में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ . भरत रावत ने कहा कि चड्ढा परिवार का निर्णय समाज के लिए प्रेरणास्रोत है . वहीं मुस्कान ग्रुप के प्रभारी सेवादार संदीपन आर्य ने कहा कि अंगदान और देहदान किसी व्यक्ति के जाने के बाद भी कई लोगों के जीवन और चिकित्सा शिक्षा को नई दिशा दे सकते हैं . ज्ञात हो कि इंदौर प्रदेश में अंगदान और देहदान की अलख जगाने वाले शहरों में सुमार है . शासकीय सम्मान के साथ देहदान की व्यवस्था शुरू होने के बाद यहां 60 से अधिक लोग अपनी देह चिकित्सा शिक्षा के लिए समर्पित कर चुके हैं . कृष्णलाल चड्ढा का देहदान इसी मानवीय परंपरा की एक और प्रेरक कड़ी बन गया .

धर्म ध्वजा व बैंड-बाजों से निकला चल समारोह

- 81 जैन संतों का विराट नगर प्रवेश हुआ

इंदौर. चातुर्मास के लिए जैन श्वेतांबर देवसुर तपागच्छ समाज के 81 संतों का विराट नगर आगमन हुआ. सभी संत महाराष्ट्र व राजस्थान से पदयात्रा करते हुए इंदौर पहुंचे है. छोटा बांगडदा स्थित हायलिंक सिटी जैन तपागच्छ मंदिर में जैन संतों की अगवानी के लिए समाज के महिला मंडल, पुरुष मंडल, युवा एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि एकत्रित हुए.

जैन संतों की अगवानी के लिए निकले चल समारोह में बैंड-बाजों, मंगल कलश, धर्मध्वज एवं भक्ति-भाव के साथ संतों का स्वागत हुआ. जैन श्वेतांबर समिति से जुड़े महेंद्र शाह ने बताया कि आचार्य श्री

विजयराज चंद्र सुरीश्वरजी महाराज और आचार्य विजय विज्ञानप्रभ सुरीश्वर महाराज ने मांगलिक प्रवचन देते हुए चातुर्मास के दौरान धर्मसभा, प्रवचन, स्वाध्याय, तप, संयम, जप एवं विविध का पालन करने और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से धर्म, समाज, आराधना, सदाचार, संस्कार, आत्मकल्याण एवं मानवीय मूल्यों का संदेश दिया. चातुर्मास में सभी संत शहर के करीब 20 प्रमुख जैन संघों और धार्मिक स्थलों पर रहेंगे. चार महीनों में वे धर्मसभा, प्रवचन, स्वाध्याय, तप, संयम और जप के माध्यम से समाज को धर्म आराधना, सदाचार, संस्कार, आत्मकल्याण व मानवीय मूल्यों का संदेश देंगे.

कोर्ट के क्लर्क ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

- पिकनिक से लौटते युवकों को कार ने मारी टक्कर

नव भारत न्यूज

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की शिव सिटी में रहने वाले 34 वर्षीय दुर्गेश लालचंद, जो जिला न्यायालय में क्लर्क थे, ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय उनकी मां घर पर थीं. पत्नी चार माह के बेटे के साथ मायके गई हुई थी. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

वहीं, बारिश के कारण पातालपानी सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर बढ़ती भीड़ के बीच कुछ युवक सुरक्षा रेलिंग पार कर खाई और बहते पानी के पास पहुंच गए. सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकालकर समझाइश दी और दोबारा ऐसी हरकत नहीं करने की चेतावनी दी. पुलिस ने पर्यटकों से सेल्फी और स्टंट के लिए जान जोखिम में नहीं डालने की अपील की है.

पिकनिक से लौट रहे युवकों को कार ने मारी टक्कर...

तिंछा फॉल से पिकनिक मनाकर लौट रहे गोलू खन्ना, करण और विक्की सिमरोल क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गए . मोबाइल पर कॉल आने पर करण ने बाइक रोकी थी, तभी तेज रफ्तार कार ने तीनों को टक्कर मार दी . हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए . घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस

एक नजर में | टंट्या भील चौराहे पर विद्यार्थियों का आंदोलन जारी

नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

इंदौर. टंट्या भील चौराहा पर नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा अन्य 23 सूत्रीय मांग को लेकर निरंतर 9वें दिन भी विद्यार्थियों का आंदोलन जारी है.

धरना प्रदर्शन के दौरान अरुण बड़ोले ने बताया कि यहां आंदोलन के साथ-साथ कई एक्टिविटी भी रोजाना की जाती है. इसके अंतर्गत कैंडल मार्च निकाला गया और एक दिन काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया गया. आज मेलोडी चॉकलेट बांटकर अन्य छात्रों को आंदोलन के प्रति जागरूक करने के प्रयास किए जाएंगे. खास बात यह है कि यह आंदोलन पूरी तरह आमजन के सहयोग से संचालित हो

रहा है. धरना स्थल पर लगे टेंट, गद्दे, भोजन और पेयजल की व्यवस्था समाज के लोगों और छात्रों के सहयोग से की जा रही है. कई युवा अपनी रोज की कमाई का हिस्सा भी आंदोलन के लिए दे रहे हैं, ताकि धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक चलता रहे. छात्रों ने बताया कि जब नौ दिन पहले धरना शुरू हुआ था, तब उनके पास टेंट या अन्य कोई सुविधा नहीं थी. वे टंट्याभील की प्रतिमा के पास खुले में बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे. बारिश के दौरान खुद को बचाने के लिए उन्हें बैठने वाली गद्दियों को ही ओढ़ना पड़ा. इसके बाद कई सामाजिक संगठन और आम लोग मदद के लिए आगे आए, जिसके बाद टेंट, गद्दे और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गईं.

छात्रों की भी हैं समस्याएं...

आंदोलनकर्ता अरुण बड़ोले ने अपनी 23 सूत्रीय मांगों को लेकर बात की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के बारे में बताया . इंदौर के छात्रों की समस्या को लेकर बात की, जिसमें छात्रों के बस पास, छात्रवृत्ति जैसे प्रमुख मुद्दों के बारे में बताया .

लीक के कारण 17 छात्रों ने जान दी

कमला धोपिया ने प्रदर्शन के कारण को लेकर अपनी बात रखी जिसमें उन्होंने बताया कि नीट परीक्षा पेपर लीक के कारण 17 छात्रों ने अपनी जान दी . ये प्रशासन की नाकामी के कारण हुआ इसलिए इसके जिम्मेदार अधिकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए .

जगन्नाथ रथ यात्रा की प्रचार सामग्री का लोकार्पण

इंदौर, . निपान्या स्थित इस्कॉन मंदिर के तत्वावधान में 19 जुलाई को दोपहर 2 बजे शहर के पश्चिम क्षेत्र स्थित श्री अन्नपूर्णा मंदिर से निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा की प्रचार सामग्री का लोकार्पण बुधवार को वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने किया . उन्होंने कहा कि जगन्नाथ रथ यात्रा जैसा आयोजन देवी अहिल्या की इस नगरी के लिए सौभाग्य एवं पुण्य का विषय है . शहर की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप हम सबको जगन्नाथ रथ यात्रा का पूरे जोश एवं उत्साह के साथ स्वागत करना चाहिए . इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने बताया कि रथ यात्रा की तैयारियों में शहर के अनेक धार्मिक सामाजिक संगठन भी अपनी सक्रिय भागीदारी करने के लिए उत्सुक बने हुए हैं . प्रचार सामग्री के लोकार्पण के दौरान रथ यात्रा संयोजक हरि अग्रवाल, किशोर गोयल, अशोक गोयल, शैलेन्द्र मित्तल एवं मंदिर से जुड़े श्रद्धालु उपस्थित थे . रथ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु 10 जुलाई को शाम 6 बजे अन्नपूर्णा मंदिर पर एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है .